कुल- आर्थिक सेवाएं	**6,61,11.55**	-	31,95.70	31,95.70	
				6,61,11.55	**(क)**
कुल-पूँजीगत सेवाएं	**10,30,00.76**	-	54,22.20	54,22.20	
				10,30,00.76	**(क)**
ऋण और अग्रिम-					
समाज सेवाएं-					
शिक्षा, खेल, कला और संस्कृति	5.46	-	(-)0.05	(-)0.05	
				5.46	
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	1.93	-	(-)0.01	(-)0.01	
				1.93	

(क) कृपया खण्ड-I के विवरण संख्या 5 के मुख्य शीर्षों 4801 तथा 5465 के नीचे पाद टिप्पणी (क) और (ख) का संदर्भ लें। खण्ड-II के विवरण संख्या 18 के मुख्य शीर्ष 6801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का भी संदर्भ लें।

12. वर्ष 2019-20 (31 मार्च 2020 की समाप्ति) के अंत तक राजस्व लेखा के अतिरिक्त व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग पर विवरण- (जारी)

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर द्वारा प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

	31 अक्टूबर 2019 को	यूटी जम्मू एवं कश्मीर को आबंटित राशि	अवधि के दौरान 31-10-2019 से 31-03-2020	31 मार्च 2020 को	
				(₹ करोड़ में)	
ऋण और अग्रिम-(समाप्त)					
समाज सेवाएं-(समाप्त)					
जलापूर्ति, स्वच्छता, आवास और शहरी विकास	35.30	-	*	*	
				35.30	
अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग का कल्याण	0.13	-	-		
				0.13	
समाज कल्याण और पोषण	1,03.53	-	(-)0.24	(-)0.24	
				1,03.53	
अन्य समाज सेवाएं	0.13	-			
				0.13	
कुल समाज सेवाएं	**1,46.48**	-	(-)0.30	(-)0.30	
				1,46.48	
आर्थिक सेवाएं-					
कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ	40.65	-	(-)0.01	(-)0.01	
				40.65	
ग्रामीण विकास	0.05	-	-	-	
				0.05	
विशेष क्षेत्र कार्यक्रम	1.43	-	-	-	
				1.43	
ऊर्जा	85.05	-	-	-	
				85.05	(ख)
उद्योग और खनिज	7,99.63	-	13.26	13.26	
				7,99.63	
परिवहन	6,10.62	-	23.00	23.00	
				6,10.62	

* *नगण्य*

(ख) कृपया खण्ड-II के विवरण संख्या 18 के मुख्य शीर्ष 6801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का संदर्भ लें। खण्ड-II के विवरण संख्या 16 के मुख्य शीर्ष 4801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का भी संदर्भ लें।

12. वर्ष 2019-20 (31 मार्च 2020 की समाप्ति) के अंत तक राजस्व लेखा के अतिरिक्त व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग पर विवरण-(जारी)

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर द्वारा प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

	31 अक्टूबर 2019 को	यूटी जम्मू एवं कश्मीर को आबंटित राशि	अवधि के दौरान 31-10-2019 से 31-03-2020	31 मार्च 2020 को	
				(₹ करोड़ में)	
ऋण और अग्रिम-(समाप्त)					
आर्थिक सेवाएं-					
सामान्य आर्थिक सेवाएं	34.96	-	-	-	
				34.96	
कुल- आर्थिक सेवाएं	**15,72.39**	-	36.25	36.25	
				15,72.39	
सरकारी सेवकों को ऋण	**21.57**	-	(-)0.15	(-)0.15	
				21.57	
कुल-ऋण और अग्रिम	**17,40.44**	-	35.80	35.80	
				17,40.44	(ख)
कुल-पूँजीगत और अन्य व्यय	**10,47,41.20**	-	54,58.00	54,58.00	
				10,47,41.20	
कटौती					
आकस्मिकता निधि से अंशदान					
विविध पूँजीगत प्राप्तियों से अंशदान	28.10	-	-	-	
				28.10	
विकास निधियों, आरक्षित निधियों इत्यादि से अंशदान	-	-	-	-	
निवल- पूँजीगत और अन्य व्यय	**10,47,13.10**	-	54,58.00	54,58.00	
				10,47,13.10	
निधियों के प्रधान स्रोत					
2019-20 (31-10-2019 से 31-03-2020) हेतु राजस्व अधिशेष (+)/ घाटा (-)			**(-)1,62.09**		
जोड़-सेवानिवृत्ति/ विनिवेश के कारण समायोजन	**(-)28.10**	-	**-**	-	
				(-)28.10	

(ख) कृपया खण्ड-II के विवरण संख्या 18 के मुख्य शीर्ष 6801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का संदर्भ लें। खण्ड-II के विवरण संख्या 16 के मुख्य शीर्ष 4801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का भी संदर्भ लें।

12. वर्ष 2019-20 (31 मार्च 2020 की समाप्ति) के अंत तक राजस्व लेखा के अतिरिक्त व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग पर विवरण-(जारी)

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर द्वारा प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

	31 अक्टूबर 2019 को	यूटी जम्मू एवं कश्मीर को आबंटित राशि	अवधि के दौरान 31-10-2019 से 31-03-2020	31 मार्च 2020 को
				(₹ करोड़ में)
निधियों के प्रधान स्रोत				
ऋण-				
राज्य सरकार के आंतरिक ऋण	4,54,29.09	-	35,56.94	35,56.94
				4,54,29.09
केन्द्र सरकार से ऋण और अग्रिम	12,37.13	-	(-)58.91	(-)58.91
				12,37.13
लघु बचतें, भविष्य निधि इत्यादि	2,71,61.62	-	10,41.80	10,41.80
				2,71,61.62
कुल- ऋण	**7,38,27.84**	-	45,39.83	45,39.83
				7,38,27.84
अन्य देयताएं-				
आकस्मिकता निधि	1.00	-	-	-
				1.00
आरक्षित निधियाँ	28,05.43	-	1,86.95	1,86.95
				28,05.43
जमा एवं अग्रिम	69,01.54	-	7,73.57	7,73.57
				69,01.54
उचंत और विविध (सरकारी लेखाओं और नकद शेष निवेश लेखा में पड़ी राशि के अलावा)	(-)3,49.24	-	2,03.71	2,03.71
				(-)3,49.24
प्रेषण	28,47.49	-	13,98.31	13,98.31
				28,47.49
कुल - अन्य देयताएं	**1,22,06.22**	-	25,62.54	25,62.54
				1,22,06.22
कुल- ऋण और अन्य देयताएं	**8,60,34.06**	-	71,02.37	71,02.37
				8,60,34.06

12. वर्ष 2019-20 (31 मार्च 2020 की समाप्ति) के अंत तक राजस्व लेखा के अतिरिक्त व्यय के लिए निधियों के स्रोतों तथा अनुप्रयोग पर विवरण-(समाप्त)

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर द्वारा प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

	31 अक्टूबर 2019 को	**यूटी जम्मू एवं कश्मीर को आबंटित राशि**	**अवधि के दौरान 31-10-2019 से 31-03-2020**	**31 मार्च 2020 को**	
				(₹ करोड़ में)	
कटौती- नकद शेष	(-)4,41.95	-	14,82.28	14,82.28	
				(-)4,41.95	
कटौती- निवेश	3,94.78	-	-	-	
				3,94.78	
जोड़-31-10-2019 से 31-03-2020 तक की अवधि हेतु सरकारी लेखा को बंद राशि	-	-	-	-	
				-	
निधियों का निवल प्रावधान	**8,60,53.13**	-	54,58.00	56,20.09	$
				8,60,53.13	

$ *राजस्व घाटे ₹1,62.09 करोड़ से ₹ 56,20.09 करोड़ तक भिन्न है।*

(₹ 1,62.09 करोड़ राजस्व घाटा) 31 अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 के अंत तक की अवधि हेतु पूँजीगत और अन्य व्यय के मध्य ₹ 1,62.09 करोड़ का अंतर भी था और इसलिए, निधियों का निवल प्रावधान संचयी राजस्व घाटा और संघ शासित क्षेत्र लेखा में संवृत राशि को दर्शाता है।

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अंतर्गत शेषों का सारांश

क. निम्नलिखित 31 मार्च 2020 तक शेषों का सारांश है

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर द्वारा प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

नामे शेष (₹ करोड़ में)		सामान्य लेखा का क्षेत्रक	लेखा का नाम	खाते शेष (₹ करोड़ में)
			समेकित निधि	
8,43,40.79	[1]	क से घ और, ठ का भाग (एमएच 8680 मात्र)	सरकारी लेखा	
55,84.29	[1]			
		ङ	लोक ऋण	34,98.03
				4,66,66.22
35.80		च	ऋण और अग्रिम	
17,40.44	($)			
			आकस्मिकता निधि	
			आकस्मिकता निधि	-
				1.00
			लोक लेखा	
		झ	लघु बचतें, भविष्य निधियाँ इत्यादि	10,41.80
				2,71,61.62
		ञ	**आरक्षित निधियाँ**	
			(i) ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधियाँ	
			सकल शेष	2,31.47
				12,71.48
-			निवेश	
10.86	(^)			
			(ii) ब्याज वहन न करने वाली आरक्षित निधियाँ	
			सकल शेष	(-)44.52
				15,33.95
			निवेश	
		ट	**जमा और अग्रिम**	
			(i) ब्याज वहन करने वाले जमा	3,12.36
				53.67
			(ii) ब्याज वहन न करने वाले जमा	4,61.21
				68,60.56
-			(iii) अग्रिम	
12.69				

[1] *कृपया खण्ड-I के पृष्ठ संख्या 56 को यह समझने के लिए देखें की ये आँकड़े किस प्रकार आये हैं।*

$ *कृपया मुख्य शीर्ष 4801 और 6801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का क्रमशः खण्ड-I के विवरण संख्या 5 के और खण्ड-II के विवरण संख्या 18 का संदर्भ लें।*

^ *निवेश का विवरण सरकार से प्रतीक्षित (दिसंबर 2020)।*

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अंतर्गत शेषों का सारांश-(जारी)

क. निम्नलिखित 31 मार्च 2020 तक शेषों का सारांश है

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर में प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

नामे शेष		**सामान्य लेखा का क्षेत्रक**	**लेखा का नाम**	**खाते शेष**
(₹ करोड़ में)				**(₹ करोड़ में)**
		ठ	**उचंत और विविध**	
-			निवेश	
3,83.92	(^)			
-			अन्य मद (निवल)	2,03.71
3,49.24				
		ड़	**प्रेषण**	13,98.31
				28,47.49
14,82.28	(*)	ढ़	**नकद शेष**	
(-)4,41.95				
71,02.37				71,02.37
8,63,95.99			**कुल**	**8,63,95.99**

^ निवेश का विवरण सरकार से प्रतीक्षित (दिसंबर 2020)।

** जैसा कि रिज़र्व बैंक में जमा राशि के संबंध में जो कि सरकार के नकद शेष का घटक है, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बताये गये आँकड़ों और लेखाओं में प्रतिबिम्बित आँकड़ों में भिन्नता थी। कृपया पृष्ठ संख्या 7 के विवरण संख्या 2 के अनुलग्नक के अधीन '@' पाद टिप्पणी का संदर्भ लें।*

13. समेकित निधि, आकस्मिकता निधि और लोक लेखा के अंतर्गत शेषों का सारांश-(समाप्त)

(**बोल्ड** में आँकड़े यूटी जम्मू एवं कश्मीर में प्रतिधारित और प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को दर्शाते हैं)

व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ

ख सरकारी लेखाः सरकारी लेखे में अनुसरण की जाने वाली बहीखाता प्रणाली के अंतर्गत, सरकार के राजस्व, पूँजीगत और अन्य संव्यवहारों के अंतर्गत बुक की गयी राशि, जिसकी शेष राशि को लेखे में वर्ष-दर-वर्ष अग्रेषित नहीं किया जाता है, को एक एकल शीर्ष "सरकारी लेखा" में रखा जाता है। इस शीर्ष के अंतर्गत शेष ऐसे सभी संव्यवहारों के संचयी परिणाम को प्रदर्शित करता है।
इसके लिए लोक ऋण, ऋण और अग्रिम, लघु बचतें, भविष्य निधियाँ, आरक्षित निधियाँ, जमाएं एवं अग्रिम, उचंत और विविध (विविध सरकारी लेखाओं के अलावा), प्रेषण और आकस्मिकता निधि इत्यादि के अंतर्गत शेष राशि जोड़ी जाती है और वर्ष के अंत (31 मार्च 2020) में नकद शेष को ज्ञात और प्रमाणित किया जाता है।
सारांश में अन्य शीर्षकों में सरकारी लेखा बही में सभी लेखा शीर्षों के अंतर्गत शेषों को ध्यान में रखा गया है जिसके संबंध में सरकार को प्राप्त धन का भुगतान करने की देयता है या भुगतान की गयी राशि की वसूली करने का दावा है और लेखाबही में प्रेषण संव्यवहारों के समायोजन के लिए खोले गये लेखा शीर्ष भी हैं।
यह समझना चाहिए कि इन शेषों को सरकार की वित्तीय स्थिति का पूरा अभिलेख नहीं माना जा सकता क्योंकि इसमें ना तो राज्य की सभी भौतिक परिसंपत्तियों जैसे भूमि, भवन, संचार इत्यादि और न ही किसी प्रोद्भूत बकाया या किसी बकाया देयता को हिसाब में लिया जाता जिसको सरकार द्वारा अनुसरण किये जाने वाले लेखांकन के नकद आधार के अंतर्गत लेखा में नहीं लाया जाता है।
वर्ष (31 मार्च 2020) के अंत में सरकारी लेखा के डेबिट पर प्राप्त हुयी निवल राशि निम्नलिखित है:

डेबिट		**विवरण**	**क्रेडिट**
(₹ करोड़ में)			**(₹ करोड़ में)**
8,43,40.79*	क.	30 अक्टूबर 2019 को सरकारी लेखा के डेबिट पर राशि	
		31 अक्टूबर 2019 को सरकारी लेखा के डेबिट पर राशि	
-	ख.	प्राप्ति शीर्ष (राजस्व लेखा)	2,25,57.34
-	ग.	प्राप्ति शीर्ष (पूँजीगत लेखा)	-
2,27,19.43	घ.	व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा)	
54,22.20	ङ.	व्यय शीर्ष (पूँजीगत लेखा)	-
-	च.	उचंत और विविध (विविध सरकारी लेखे)	-
-	छ.	30 अक्टूबर 2019 को सरकारी लेखा के डेबिट पर राशि	
		31 मार्च 2020 को सरकारी लेखा के डेबिट पर राशि	55,84.29
2,81,41.63		**कुल**	2,81,41.63
8,43,40.79			**8,43,40.79**

(i) कई मामलों में, अंत शेष में असंगत असमानता है जैसा कि प्राप्तियाँ, संवितरण और आकस्मिकता निधि और लोक लेखा (विवरण संख्या 21) के ब्योरे में बताया गया है और लेखा कार्यालय/ विभागीय कार्यालयों में इस उद्देश्य के लिए अनुरक्षित पृथक रजिस्टरों या अन्य अभिलेखो में दर्शाया गया है। विसंगतियों को दूर करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

(ii) शेषों को उनके सत्यापन और स्वीकृति के लिए प्रति वर्ष संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाता है। बड़ी संख्या में मामलों में ऐसी स्वीकृतियाँ प्राप्त नहीं हुई हैं।

(iii) जिन मामलों में शेषों की स्वीकृतियों में विलंब हुआ है और जिनमें सम्मिलित राशियाँ महत्त्वपूर्ण हैं, उनका उल्लेख परिशिष्ट-VII क खण्ड-II में किया गया है।

(iv) शेषों के मिलान से संबंधित ऐसे मामले जिनमें विवरण/ दस्तावेज प्रतीक्षित हैं, का वर्णन परिशिष्ट-VII ख खण्ड-II में दिया गया है।

* *कृपया खण्ड-I के विवरण संख्या 5 के मुख्य शीर्ष 4801 और खण्ड-II के विवरण संख्या 18 के मुख्य शीर्ष 6801 के नीचे पाद टिप्पणी (क) का क्रमशः संदर्भ लें।*

लेखाओं पर टिप्पणियाँ

1. महत्त्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का सार-

i अधिष्ठान और लेखांकन अवधि

वित्त लेखे 2019-2020 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के संदर्भ में 31 अक्टूबर 2019 के 'नियुक्त दिवस' के पश्चात् अनुभाग 'क' के रूप में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और अनुभाग 'ख' के रूप में संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के संव्यवहारों को प्रस्तुत करता है। इस तिथि से तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य को दो संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् जम्मू एवं कश्मीर संघ शासित क्षेत्र और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख में द्विभाजित किया गया था।

संघ शासित क्षेत्र लद्दाख से संबंधित महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं (लेखाओं पर टिप्पणियाँ) को वित्त लेखे खण्ड-I के अनुभाग 'ख' के अंतर्गत पृथक रूप से दर्शाया गया है।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर (अनुभाग 'क') के वित्त लेखाओं को 20 जिला कोषागारों को सम्मिलित करते हुए 121 कोषागारों द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रारंभिक लेखाओं और भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञापनों के आधार पर संकलित किया गया है। अप्रैल 2016 से, पूँजीगत अनुभाग के संबंध में तथा अप्रैल 2017 से निर्माण एवं वन प्रभागों से संबंधित राजस्व अनुभाग के संबंध में, जम्मू एवं कश्मीर सरकार सिविल लेखांकन प्रणाली में बदल गयी। तदनुसार, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान निर्माण एवं वन प्रभागों से कोई मासिक लेखा देय नहीं था।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान मासिक लेखाओं के प्रतिपादन में 03 से 18 दिवसों तक की देरी हुयी। हालांकि, वर्ष 2019-2020 के अंत (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) में किसी भी लेखे को बाहर नहीं रखा गया है।

ii लेखांकन का आधार

कुछ आवधिक समायोजनों और बही समायोजनों के अपवाद के साथ जिनमें कोई वास्तविक नकदी प्रवाह नहीं होता है **(अनुलग्नक-क)**, प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख प्रशासन की वास्तविक नकद प्राप्तियों और संवितरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। भौतिक परिसंपत्तियों जैसे इमारतें, मशीनरी, उपकरण वाहन इत्यादि और वित्तीय परिसंपत्तियों जैसे सरकारी निवेश, सरकार द्वारा ऋण इत्यादि को ऐतिहासिक लागत पर दिखाया जाता है अर्थात् अधिग्रहण/ खरीद के समय मूल्य या मूल निवेश या ऋण का मूल्य। भौतिक परिसंपत्तियों का अवमूल्यन नहीं किया जाता और वित्तीय परिसंपत्तियों का परिशोधन नहीं किया जाता है। भौतिक परिसंपत्तियों के जीवन काल के अंत में हुई हानि को मूल्यांकित व

पहचाना नहीं जा सका। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक संवितरित सभी सेवानिवृत्त लाभों को लेखाओं में व्यय के रूप में दर्शाया गया है। 31 मार्च 2020 को संघ शासित क्षेत्र सरकारों की पेन्शन देयता अर्थात् अतीत के लिए सेवानिवृत्त लाभों के भुगतान के प्रति देयता और उसके कर्मचारियों की वर्तमान सेवाओं को लेखाओं में शामिल नहीं किया गया है।

iii मुद्रा जिसमें लेखे रखे जाते हैं

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख प्रशासन के लेखे भारतीय रुपये में अनुरक्षित किये जाते हैं।

iv लेखाओं का स्वरूप

भारत के संविधान के अनुच्छेद 150 के अंतर्गत संघ और संघ शासित क्षेत्रों के लेखाओं को ऐसे स्वरूप में रखा जाता है जैसा कि राष्ट्रपति, नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की सलाह पर निर्धारित करते हैं। अनुच्छेद 150 में प्रयुक्त "स्वरूप" शब्द का एक व्यापक अर्थ है ताकि न केवल लेखाओं को रखने वाले व्यापक स्वरूप के निर्धारण को शामिल किया जा सके, बल्कि उचित लेखा शीर्षों के चयन का आधार भी हो सके जिसके अंतर्गत संव्यवहारों को वर्गीकृत किया जाना है।

v राजस्व या पूँजीगत के रूप में व्यय का वर्गीकरण

राजस्व व्यय आवर्तक प्रकृति के होते हैं तथा राजस्व प्राप्तियों से प्राप्त किये जाने हेतु अभिप्रेत होते हैं। पूँजीगत व्यय को, सामग्री और दीर्घकालिक प्रकृति की परिसंपत्तियों में वृद्धि करने या दीर्घकालिक देनदारियों को कम करने के उद्देश्य से किये गये व्यय के रूप में परिभाषित किया गया है। इसके अलावा, भारत सरकार के लेखा मानकों (आईजीएएस-2) के अनुसार अनुदान सहायता (जीआईए) पर व्यय को अंतिम उपयोग की परवाह किए बिना अनुदानकर्त्ता के बहीखाते में राजस्व व्यय के रूप में और प्राप्तकर्त्ता के बहीखाते में राजस्व रसीद के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। भारत सरकार और संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा स्वायत्त निकायों और विशेष प्रयोजन वाहनों को वितरित सहायता अनुदान, केन्द्रीय और राज्य योजनाओं पर या सहायता के रूप में व्यय को पूरा करने के लिए विभिन्न एजेन्सियों के माध्यम से निष्पादित किया जाता है, जिसको संघ शासित क्षेत्र सरकार के लेखाओं में राजस्व व्यय के रूप में भी माना जाता है।

मदों पर बजटीय आबंटन के अनुसार राजस्व प्रकृति के निम्नलिखित संव्यवहार, जिनका मूल्य ₹ 271.31 करोड़ है, को पूँजीगत व्यय के रूप में बुक किया गया है जो नीचे दर्शाये गये हैं:

क. पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत सहायता अनुदान

लेखाओं में राजस्व व्यय के रूप में वर्गीकृत सहायता अनुदान के प्रावधानों के विपरीत संघ शासित क्षेत्र सरकार ने पूँजीगत व्यय के रूप में ₹ 32.02 करोड़ के सहायता अनुदान को संवितरित किया।

ख. खाद्यान्नों की परिचालन लागत और परिवहन/ संभलाई प्रभार

संघ शासित क्षेत्र सरकार के उपभोक्ता मामलों और सार्वजनिक वितरण विभाग ने पूँजीगत व्यय के रूप में खाद्यान्नों के परिचालन/ परिवहन लागत/ संभलाई प्रभार पर ₹ 151.43 करोड़ के बराबर (शीर्ष- 4235/60/800 के अंतर्गत ₹ 35.80 करोड़ और शीर्ष -4408/01/101 के अंतर्गत ₹ 115.63 करोड़) के राजस्व प्रकृति का व्यय बुक किया।

ग. पूँजीगत व्यय के अंतर्गत बुक किया गया वजीफा एवं छात्रवृत्ति

संघ शासित क्षेत्र सरकार ने पूँजीगत व्यय के रूप में वजीफा और छात्रवृत्ति पर ₹ 0.17 करोड़ का बजट तैयार और बुक किया।

घ. पूँजीगत व्यय के अंतर्गत बुक की गयी सहायिकी

संघ शासित क्षेत्र सरकार ने सहायिकी के रूप में ₹ 87.69 करोड़ खर्च किये और इसे पूँजीगत व्यय के रूप में बुक किया।

इसका विवरण **अनुलग्नक-ख** में दिया गया है।

vi लेखांकन मानकों का अनुपालन

भारत सरकार ने भारतीय लेखांकन मानक सलाहकार बोर्ड (जीएएसएबी) की अनुशंसा पर सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियों (आईजीएएस-1), सरकार द्वारा संवितरित सहायता अनुदानों (आईजीएएस-2) तथा सरकार द्वारा दिये गये ऋणों एवं अग्रिमों (आईजीएएस-3) के लेखांकन, वर्गीकरण और प्रकटन हेतु भारत सरकार लेखांकन मानक को अधिसूचित किया गया है। संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा प्रकटन के लिए अधिसूचित प्रोफॉर्मा के अनुसार पूर्ण विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है, अतः 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु वार्षिक वित्त लेखे {विवरण सं. 7, 9, 10 (खण्ड-I), 18, 20 तथा परिशिष्ट-III (खण्ड-II)} में केवल उपलब्ध सूचना ही निगमित हो पायी है।

2. लेखाओं की गुणवत्ता-

i. वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी)

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रहण ₹ 767.75 करोड़ था। वस्तु

एवं सेवा कर के अंतर्गत कुल प्राप्तियाँ ₹ 2,115.75 करोड़ थी। संघ शासित क्षेत्र को, उपर्युक्त अवधि के दौरान जीएसटी के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि पर ₹ 1,247.28 करोड़ की क्षतिपूर्ति भी प्राप्त हुयी।

ii लघु शीर्ष 800- 'अन्य प्राप्तियाँ' तथा 'अन्य व्यय' के अंतर्गत बुकिंग

लघु शीर्ष 800- अन्य प्राप्तियाँ तथा अन्य व्यय का संचालन तभी करना होता है जब लेखाओं में समुचित लघु शीर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया हो। बजट और लेखांकन हेतु लघु शीर्ष 800 का नियमित संचालन राजस्व या व्यय की अपनी समुचित वस्तु हेतु प्राप्ति/ व्यय (जैसा भी मामला हो) की पहचान किये बिना लेखाओं को अपारदर्शिता प्रदान करता है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान ₹ 1,962.50 करोड़ (जिसमें मुख्य शीर्ष- 0801 के अंतर्गत विद्युत की बिक्री और विविध विद्युत प्राप्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाली ₹ 1,196.66 करोड़ की राजस्व प्राप्तियाँ सम्मिलित हैं) लेखाओं के 37 राजस्व मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 22,557.34 करोड़ की कुल राजस्व प्राप्तियों का लगभग 8.70 प्रतिशत है, को लघु शीर्ष 800-'अन्य प्राप्तियाँ' के अंतर्गत दर्ज किया गया था। इसी प्रकार, लेखाओं के 47 मुख्य शीर्षों के अंतर्गत ₹ 2,647.03 करोड़ का व्यय, जोकि ₹ 28,141.63 करोड़ के कुल व्यय का लगभग 9.41 प्रतिशत है, लघु शीर्ष 800 'अन्य व्यय' के अंतर्गत बुक किया गया था। ऐसे उदाहरण, जहाँ मुख्य शीर्ष के अंतर्गत प्राप्तियों एवं व्यय को पर्याप्त अनुपात में (50 प्रतिशत या अधिक/ महत्त्वपूर्ण राशि) लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियाँ/ व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत/ बुक किया गया था, क्रमशः **(अनुलग्नक ग एवं घ)** में सूचीबद्ध हैं।

iii बकाया/ असमायोजित संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) बिल

(क) 31 मार्च 2020 को, 31 अक्टूबर 2019 से 31 जनवरी 2020 (पुनर्गठन के उपरांत) तक की अवधि हेतु संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा आहरित ₹ 348.31 करोड़ की राशि के 53 संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) बिलों से संबंधित विस्तृत आकस्मिक (डीसी) बिल प्राप्त नहीं हुए थे जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

वर्ष*	**लंबित डीसी बिलों की संख्या (#)**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2019-20 31.10.2019 से 31.01.2020	53	348.31
कुल	**53**	**348.31**

(*) उपर्युक्त बताये गये वर्ष का संबंध 'देय वर्ष' से है अर्थात् वास्तविक आरहण के दो माह उपरांत तथा 31 मार्च 2020 तक लेखे समायोजन।

(#) 13 विभागों द्वारा आहरित।

ये अधिकांश डीसी बिल निम्नलिखित विभागों से प्रतीक्षित थे;

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**विभाग का नाम**	**बकाया राशि**	**31 मार्च 2020 तक ₹ 348.31 करोड़ की कुल बकाया राशि का प्रतिशत**
1.	लोक निर्माण	150.97	43.34
2.	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी	74.27	21.32
3.	स्वास्थ्य एवं चिकित्सा	41.37	11.88
4.	आवास और शहरी विकास	30.42	8.73
5.	राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण	16.51	4.74
6.	पशुपालन	11.16	3.20

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान आहरित ₹ 3,030.20 करोड़ की राशि के 270 एसी बिलों में से, ₹ 2,249.82 करोड़ (74.25 प्रतिशत) की राशि के 199 एसी बिलों का आहरण अकेले मार्च 2020 में किया गया था और ₹ 1,738.72 करोड़ (77.28 प्रतिशत) की राशि के 102 एसी बिलों का आहरण मार्च 2020 के अंतिम दिवस को किया गया था। मार्च में एसी बिलों के प्रति व्यय यह इंगित करता है कि आहरण प्रथमतया बजटीय प्रावधानों को समाप्त करने हेतु किये गये थे तथा अपर्याप्त बजटीय नियंत्रण को प्रकट करते हैं।

(ख) इसके अतिरिक्त, नीचे दिये गये विवरणानुसार, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन से पूर्व) तक आहरित ₹ 7,219.07 करोड़ की राशि के 2,287 संक्षिप्त आकस्मिक (एसी) बिलों से संबंधित विस्तृत आकस्मिक (डीसी) बिल 31 मार्च 2020 तक प्रतीक्षित थे। आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य इन बकाया डीसी बिलों का अभी तक द्विविभाजन किया जाना है।

वर्ष*	**लंबित डीसी बिलों की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2017-18 तक	1,901	2,304.68
2018-19	244	2,607.37
2019-20 (31.08.2019 तक)	116	2,233.96
2019-20 (01.09.2019 से 30.10.2019)	26	73.06
कुल	**2,287**	**7,219.07**

(*) उपर्युक्त बताये गये वर्ष का संबंध 'देय वर्ष' से है अर्थात् वास्तविक आरहण के दो माह उपरांत तथा 31 मार्च 2020 तक लेखे समायोजन।

ये अधिकांश डीसी बिल निम्नलिखित विभागों से प्रतीक्षित थे;

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**विभाग का नाम**	**बकाया राशि**	**31 मार्च 2020 तक ₹ 7,219.07 करोड़ की कुल बकाया राशि का प्रतिशत**
1.	शिक्षा	2,746.71	38.05
2.	ग्रामीण विकास	2,288.90	31.71
3.	गृह	494.49	6.85
4.	कृषि	328.66	4.55
5.	चिकित्सा	203.80	2.82
6.	राजस्व	214.16	2.97
7.	उद्योग	180.09	2.49

iv बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्र (यूसी)

30 सितंबर 2018 तक तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा निर्मोचित अनुदानों हेतु 31 मार्च 2020 को अप्रभाजित बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों (यूसी) की स्थिति निम्नानुसार हैः

वर्ष*	**प्रतीक्षित यूसी की संख्या**	**राशि (₹ करोड़ में)**
2017-18 तक	1,370	5,972.99
2018-19	403	2,218.09
2019-20 (30.04.2018 तक)	256	1,163.41
2019-20 (30.09.2018 तक)	176 (#)	1,087.09
कुल	**2,205**	**10,441.58**

(*) उपर्युक्त बताये गये वर्ष का संबंध 'देय वर्ष' से है अर्थात् वास्तविक आरहण के 18 माह उपरांत तथा 31 मार्च 200 तक लेखे समायोजन।

 # 10 विभागों द्वारा आहरित।

इन यूसी में से अधिकांश निम्नलिखित विभागों से प्रतीक्षित हैं;

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	**विभाग का नाम**	**बकाया राशि**	**31 मार्च 2020 को ₹ 10,441.58 करोड़ की कुल बकाया राशि का प्रतिशत**
1.	शिक्षा	5,798.71	55.53
2.	आवास एवं शहरी विकास	1,425.69	13.65
3.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	796.29	7.63
4.	कृषि	742.43	7.11
5.	पर्यटन	272.74	2.61

उद्देश्य जिसके लिए निर्मोचित सहायता अनुदान का उपयोग किया गया, उसकी पुष्टि केवल उपयोगिता प्रमाण प्रत्रों (यूसी) की प्राप्ति पर ही की जा सकती है, जो अन्य प्रयोजनों हेतु निधियों के अपयोजन के प्रति संरक्षण का कार्य करता है। अत: लेखाओं में दर्शाये गये व्यय की यूसी को प्राप्त न होने की सीमा तक अंतिम नहीं माना जा सकता और न ही इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि राशि उस उद्देश्य हेतु ही खर्च की गयी है जिसके लिए इसे संस्वीकृत किया गया था।

v नियंत्रण अधिकारियों (सीओ) और महालेखाकार (लेखा व हकदारी) के मध्य प्राप्तियों एवं व्यय का मिलान

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार की बजट नियमपुस्तक के पैरा 20.3.1 के अनुसार, सभी नियंत्रण अधिकारियों को उनके कार्यालय में बुक लेखाओं (प्राप्तियों एवं व्यय की प्रत्येक मद) को महालेखाकर कार्यालयों में बुक लेखाओं से मिलान कराये जाने की आवश्यकता होती है और 15 जून तक इस मिलान की प्रक्रिया को पूरा करना होता है। वर्ष 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) के दौरान, 359 नियंत्रण अधिकारियों में से 214 ने ₹ 18,623.34 करोड़ की प्राप्तियों (लोक ऋण को सम्मिलित न करते हुए ₹ 22,557.34 करोड़ की कुल प्राप्तियों का 82.56 प्रतिशत) तथा ₹ 10,966.92 करोड़ के व्यय (लोक ऋण को सम्मिलित न करते हए ₹ 28,141.63 करोड़ के कुल व्यय का 38.97 प्रतिशत) का मिलान किया था। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के पास संघ शासित क्षेत्र वस्तु एवं सेवा कर के प्रयोजन हेतु केवल एक साइबर कोषागार था। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान साइबर कोषागार के साथ यूटीजीएसटी के मिलान को संचालित नहीं किया जा सका क्योंकि कोषागार द्वारा त्रुटि ज्ञापन को सृजित करने की कोई क्रियाविधि नहीं अपनाई गयी है। यद्यपि, मामला सरकार और आरबीआई साथ उठाया गया था,

तथापि, उनकी प्रतिक्रिया प्रतीक्षित (दिसंबर 2020) है। नियंत्रण अधिकारी (जहाँ व्यय का अधिकांश हिस्सा सम्मिलित है) जिन्होंने अपने लेखाओं का पूर्णतः या अंशतः मिलान नहीं किया था उनका ब्यौरा **अनुलग्नक-ङ** में दिया गया है।

vi रोकड़ शेष

महालेखाकार के बहीखातों में प्रतिबिम्बित (₹ 1,482.28 करोड़) और आरबीआई द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में ₹ 1,482.86 करोड़ (1 अप्रैल 2019 से 30 अक्टूबर 2019 तक के संव्यवहारों और 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक लद्दाख यूटी से संबंधित संव्यवहारों को हटाकर महालेखाकार द्वारा आंकलित) के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ सरकार के रोकड शेष के मध्य 31 मार्च 2020 तक ₹ 0.58 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान, बैंक से संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा दावों के गैर-निपटान, विलंब पर किसी दण्ड-स्वरूप ब्याज का दावा नहीं किया गया था।

30 अक्टूबर 2019 को आरबीआई और महालेखाकार के आँकड़ों के मध्य भी ₹ 83.32 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर था जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है। पिछले पाँच वर्षों का आरबीआई के साथ अविभाजित जम्मू एवं कश्मीर राज्य का विभेदक रोकड़ शेष और 30 अक्टूबर 2019 को उसकी स्थिति नीचे दर्शायी गयी है।

वर्ष	**आरबीआई के अनुसार आँकड़े**	**एजी के अनुसार आँकड़े**	**अंतर (₹ करोड़ में)**
2018-19	(क्रे.) 1.15	(डे.) 43.34	(डे.) 42.19
2017-18	(डे.) 1.11	(क्रे.) 125.76	(क्रे.) 124.65
2016-17	(क्रे.) 0.09	(डे.) 0.18	(डे.) 0.09
2015-16	(डे.) 0.12	(डे.) 81.91	(डे.) 82.03
2014-15	(डे.) 1.45	(डे.) 8.53	(डे.) 9.98

पिछले वर्षों (वर्ष 2011-12 से 2013-14 की अवधि हेतु) के संबंध में भी ₹ 92.19 करोड़ (क्रेडिट) का निवल अंतर है। यह अंतर मुख्यतः एजेन्सी बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा आरबीआई और महालेखाकार के साथ आँकड़ों के गैर-मिलान के कारण है।

भारत सरकार, गृह मंत्रालय के कार्यालय ज्ञापन सं. 15030/32/2019-जेके-पार्ट दिनांक 25 अक्टूबर 2019 के अनुदेशों की दृष्टि से जम्मू एवं कश्मीर संघ शासित क्षेत्र आरबीआई के साथ 31 अक्टूबर 2019 के 'नियुक्त दिवस' के पश्चात् भी उसी तरह से

लेखा का परिचालन करना जारी रखेगा जैसे वह तत्कालीन राज्य जम्मू एवं कश्मीर के साथ परिचालित करता था।

3. अन्य मदें-

i (क) सेवानिवृत्त लाभों पर देयताएं

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र के कर्मचारियों पर "पेन्शन तथा अन्य सेवानिवृत्त लाभों" का खर्च ₹ 2,095.31 करोड़ (अवकाश नकदीकरण लाभों के प्रति ₹ 297.32 करोड़ सहित) था, जो ₹ 22,719.43 करोड़ के कुल राजस्व व्यय का 9.22 प्रतिशत है तथा ₹ 22,557.34 करोड़ की कुल राजस्व प्राप्तियों का 9.29 प्रतिशत है।

(ख) परिभाषित अंशदान पेन्शन योजना

परिभाषित अंशदान पेन्शन योजनानुसार, 1 जनवरी 2010 को या उसके बाद भर्ती किये गये संघ शासित क्षेत्र सरकार के कर्मचारी इस योजना द्वारा कवर किये गये हैं, कर्मचारी मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत का अंशदान करते हैं, जिसे समान राशि सहित संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा सुमेलित किया जाता है।

वर्ष 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) के दौरान संघ शासित क्षेत्र सरकार ने सरकारी अंश के रूप में ₹ 2.30.31 करोड़ की राशि का अंशदान किया तथा कर्मचारियों ने भी अपने हिस्से का ₹ 240.07 करोड़ का अंशदान किया। संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा ₹ 9.76 करोड़ की सीमा तक कम अंशदान किया गया था। ₹ 470.38 करोड़ की संपूर्ण राशि सरकारी कर्मचारियों हेतु मुख्य शीर्ष 8342- "अन्य जमाएं" के अधीन लघु शीर्ष 117- "सरकारी कर्मचारियों हेतु परिभाषित अंशदान पेन्शन योजना" (नई पेन्शन योजना) में हस्तांतरित की गयी थी। ₹ 470.38 करोड़ में से, ₹ 453.09 करोड़ जमा लेखा के इस शीर्ष से राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड (एनएसडीएल)/ ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित निधि प्रबंधक को हस्तांतरित किये गये थे। इस प्रकार, 31 मार्च 2020 को, ₹ 17.29 करोड़ की राशि (जो ब्याज वहन करने वाले जमा होते हैं) सरकारी कर्मचारियों के लिए मुख्य शीर्ष 8342-"अन्य जमाएं" 117-"परिभाषित अंशदान पेन्शन योजना" (नयी पेन्शन योजना) के अंतर्गत पड़ी हुयी थी जिसे एनएसडीएल/ ट्रस्टी बैंक को हस्तांतरित करना प्रतीक्षित था। इसके अलावा, 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन से पूर्व) को समाप्त अवधि हेतु तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित ₹ 53.67 करोड़ की देयता भी एनएसडीएल/ ट्रस्टी बैंक को हस्तांतरित की जानी थी। चूँकि प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी) कर्मचारी के व्यक्तिगत अंशदान के लेखे अनुरक्षित नहीं कर रहा है, कर्मचारी के वेतन बिलों से वसूली की परिशुद्धता को प्रमाणित नहीं किया जा सका। संघ शासित क्षेत्र सरकार और

एनएसडीएल/ ट्रस्टी बैंक (दिसंबर 2020) के साथ हस्तांतरित लेखे का कोई मिलान संचालित नहीं किया जा सका।

प्रोद्भूत ब्याज सहित असंग्रहित, असुमेलित और अहस्तांतरित राशियाँ योजना के अंतर्गत संघ शासित क्षेत्र सरकार की बकाया देयताओं का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिनकी गणना नहीं की गयी है।

ii राज्य के पुनर्गठन के परिणामस्वरूप शेषों का नियतन

जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (धारा 84 और 85) तथा जम्मू एवं कश्मीर सरकार की अधिसूचना दिनांक 30 अक्टूबर 2020 में वह तरीका उपबंधित है जिसके द्वारा शेषों को 31 अक्टूबर 2019 से आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

यद्यपि, इस संबंध में संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार द्वारा दिनांक 30 अक्टूबर 2020 को अधिसूचना जारी कर दी गयी थी, परंतु 30 अक्टूबर 2019 तक के सभी शेषों को आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख (दिसंबर 2020) के मध्य प्रभाजित किया जाना है, परिणामस्वरूप लेखाओं के कुछ शीर्षों के अंतर्गत विपरीत शेष रहे। उक्त अवधि हेतु अप्रभाजित मदों का विवरण वित्त लेखे के खण्ड-II के **परिशिष्ट-XIII** में दिया गया है।

iii प्रत्याभूतियाँ

संघ शासित क्षेत्र सरकार ने कोई विशिष्ट प्रत्याभूति अधिनियम नहीं बनाया है जो राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्याभूतियों की सीमा और उस पर प्रत्याभूति कमीशन/ शुल्क को प्रभारित करना निर्धारित करे। 31 मार्च 2020 तक संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा दी गयी कुल बकाया प्रत्याभूतियाँ संकलित रूप में ₹ 1,324.54 करोड़ (दिसंबर 2020 सरकार के साथ मिलान के अधीन) थी। 30 अक्टूबर 2019 तक ₹ 452.07 करोड़ की बकाया प्रत्याभूतियाँ भी हैं जिन्हें अभी तक प्रभाजित (दिसंबर 2020) किया जाना है।

iv ऋण और अग्रिम

सरकारी कर्मचारियों को दिये गये ऋणों और अग्रिमों को छोड़कर (जिसके लिए प्रधान महालेखाकार (लेखा व हकदारी), जम्मू एवं कश्मीर विस्तृत लेखे अनुरक्षित करते हैं), अन्य सभी ऋणों और अग्रिमों, जैसा कि विवरण 7 और 18 में दर्शाया गया है, संबंधी सूचना संघ शासित क्षेत्र सरकार के विभागों से प्राप्त सूचना के आधार पर होती है जो कि ऐसे लेखाओं के अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी होते हैं। विवरण 7 और 18 में, बकायों में वसूलियों और उन पर प्रोद्भूत ब्याज के विवरण नहीं हैं क्योंकि उक्त सूचना संघ शासित क्षेत्र सरकार से प्रतीक्षित (दिसंबर 2020) है। वर्ष 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से

31 मार्च 2020) के दौरान, संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा विभिन्न अधिष्ठानों को ₹ 38.14 करोड़ की राशि के ऋण (जिसमें सरकारी सेवकों को शून्य सम्मिलित है) दिये गये थे तथा 31 मार्च 2020 तक ऋणों के पुनर्भुगतान के रूप में ₹ 35.80 करोड़ के निवल बकाया ऋणों को छोड़ते हुए, ₹ 2.34 करोड़ (सरकारी सेवकों से ₹ 0.15 करोड़ और अन्य अधिष्ठानों से ₹ 2.19 करोड़) प्राप्त हुए थे। ₹ 35.80 करोड़ के अतिरिक्त, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य से संबंधित ₹ 1,740.44 करोड़ का बकाया शेष था जिसे 30 अक्टूबर 2019 तक ऋणों और अग्रिमों के अंतर्गत संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना था।

v निवेश

क) संघ शासित क्षेत्र सरकार, संघ शासित क्षेत्र सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), सांविधिक निगमों, सरकारी कंपनियों, संयुक्त स्टॉक कंपनियों और सहकारी संस्थानों की इक्विटी और शेयरों में निवेश करती है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा किया गया निवेश ₹ 81.12 करोड़ है (जैसा कि नीचे दर्शाया गया है)।

क्र. सं.	**संबंधित का नाम**	**अधिष्ठानों की संख्या**	**निवेश की राशि (₹ करोड़ में)**
1.	सांविधिक निगम	3	57.51
2.	ग्रामीण बैंक	2	2.35
3.	सरकारी कम्पनियाँ	37	17.91
4.	अन्य संयुक्त स्टॉक कम्पनियाँ एवं साझेदारी	2	-
5.	सहकारी बैंक/ सोसाइटियाँ	8	3.35
	कुल	**52**	**81.12**

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान किसी भी अधिष्ठान से कोई भी लाभांश या ब्याज प्राप्त नहीं हुआ था।

ख) 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान, संघ शासित क्षेत्र सरकार ने ₹ 66.78 करोड़ की राशि को पूँजीगत अनुभाग के अधीन लेखा के मुख्य शीर्षों से संबधित अधीनस्थ लघु शीर्ष "190-लोक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश" के अंतर्गत आहरित और बुक किया था। बुक की गयी राशि के प्रति, संबंधित पीएसयू ने ₹ 81.12 करोड़ का निवेश दर्शाया, जिसके परिणामस्वरूप वित्त लेखे (खण्ड-II) के विवरण सं. 16 और 19 के मध्य ₹ 14.34 करोड़ का अंतर था। इसके अलावा, पंजीयक, सहकारी समितियाँ ने ₹ 3.35 करोड़ का निवेश दर्शाया था। संबंधित पीएसयू का नाम प्रतीक्षित (दिसंबर 2020) है। अंतर का विवरण **अनुलग्नक-च** में दिया गया है।

ग) 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन से पूर्व) के अंत में 52 अधिष्ठानों में तत्कालीन राज्य द्वारा किया गया कुल निवेश ₹ 3,428.04 करोड़ (मिलान नहीं की गयी सूचना/ पीएसयू से प्राप्त आँकड़े) था, जिसके लिए संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख (दिसंबर 2020) के मध्य कोई प्रभाजन नहीं किया गया है। तथापि, इन आँकड़ों को उन अधिष्ठानों के साथ मिलान किये जाने की आवश्यकता है जहाँ 30 अक्टूबर 2019 तक निवेश किये गये थे।

vi आरक्षित निधियाँ

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, विशिष्ट प्रयोजन हेतु चिह्नित छह आरक्षित निधियाँ (दो ब्याज वहन करने वाली निधियों को सम्मिलित करते हुए) थी। इन निधियों (अभी तक प्रभाजित किये जाने वाले शेषों को हटाते हुए) के अंतर्गत कुल संचित शेष ₹ 186.95 करोड़ था। संघ शासित क्षेत्र सरकार ने 31 मार्च 2020 को ₹ 186.95 करोड़ की आरक्षित निधियों के अंतर्गत उपलब्ध शेष में से, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान किसी राशि का निवेश नहीं किया था।

राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ), जो कि एक ब्याज वहन करने वाली निधि है, से 10.86 करोड़ के निवेश सहित 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति पर इन निधियों में कुल 2,805.43 करोड़ का संचित सकल शेष और 2,794.57 करोड़ का निवल शेष था। तथापि, इन शेषों को आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

(क) ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधि

(i) राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ)

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, एसडीआरएफ हेतु भारत सरकार द्वारा कोई राशि निर्गत नहीं की थी। तथापि, ₹ 134.41 करोड़ की राशि ("अन्य आपदा प्रबंधन परियोजनाएं" के अंतर्गत गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत ₹ 97.65 करोड़ का केन्द्रीय अंश, ₹ 10.85 करोड़ संघ शासित क्षेत्र जेएण्डके अंश और ₹ 25.91 करोड़ ब्याज) कोष को अंतरित की गयी थी।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, 31 मार्च 2020 को कोष में ₹ 176.90 करोड़ का नामे शेष छोड़ते हुए, ₹ 311.31 करोड़ (एमएच-2245 को नामे कटौती द्वारा ₹ 80.82 करोड़ और कोष से सीधे ही ₹ 230.49 करोड़) का व्यय प्राकृतिक आपदाओं पर किया गया था।

दो नये आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य 30 अक्टूबर 2019 तक नामे शेष राज्य आपदा

प्रतिक्रिया कोष (एसडीआरएफ) के अंतर्गत ₹ 1,271.48 करोड़ के गैर-प्रभाजन के कारण है। ₹ 1,260.62 करोड़ का निवल अप्रभाजित शेष छोड़ते हुए कोष से ₹ 10.86 करोड़ की राशि का निवेश किया गया था।

(ii) प्रतिकर वन-रोपण कोष

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, जम्मू एवं कश्मीर संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा ₹ 295.06 करोड़ की राशि मुख्य शीर्ष- 8336-103- "राज्य प्रतिकर वन-रोपण कोष" के अंतर्गत ऋ- 'जमाएं' के नामे की गयी थी और ₹ 408.37 करोड़ की राशि मुख्य शीर्ष- 8121-129- "राज्य प्रतिकर वन-रोपण कोष" के अंतर्गत ट-'आरक्षित निधियाँ' को अंतरित की गयी थी। उक्त अवधि के दौरान जमा/ आरक्षित में यथापेक्षित कोई ब्याज क्रेडिट नहीं किया गया था।

(ख) ब्याज वहन नहीं करने वाली आरक्षित निधियाँ (परिचालित निधियाँ)

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, चार ब्याज वहन न करने वाली आरक्षित निधियाँ थी, नामतः मुख्य शीर्ष- 8229-'विकास एवं कल्याण निधियाँ' {₹ 50.88 करोड़ (डेबिट)} के अंतर्गत लघु शीर्ष-200-'अन्य विकास एवं कल्याण निधि', लघु शीर्ष 105- 'सामान्य बीमा निधि- जनता बीमा' (₹ 4.03 करोड़), मुख्य शीर्ष 8235-'सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधियाँ' के अंतर्गत लघु शीर्ष- 117-'प्रत्याभूति मोचन निधि' (₹ 1.00 करोड़) एवं लघु शीर्ष- 200-'अन्य निधियाँ' (₹ 1.33 करोड़)। 31 मार्च 2020 के अंत तक इन चार परिचालित निधियों में कुल संचित शेष ₹ 44.52 करोड़ (डेबिट) है। 30 अक्टूबर 2019 (पुनर्गठन से पूर्व) तक ₹ 838.11 करोड़ की राशि के शेषों को पाँच परिचालित आरक्षित निधियों के अंतर्गत अभी तक प्रभाजित किया जाना है। इसका परिणाम भी मुख्य शीर्ष- 8229-200-'अन्य विकास एवं कल्याण निधि' के अंतर्गत ₹ 50.88 करोड़ के नामे शेष के रूप में हुआ है।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान कुछ महत्त्वपूर्ण परिचालित आरक्षित निधियों का विवरण निम्नलिखित हैः

(i) प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ)

प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ) पर 2013 के आरबीआई के दिशानिर्देशों में उल्लिखित है कि सरकार के लिए यह वांछनीय है कि वह निधि के गठन के वर्ष के आरंभ में बकाया प्रत्याभूतियों के न्यूनतम एक प्रतिशत का योगदान करे और उसके बाद पिछले वर्ष की बकाया प्रत्याभूतियों के न्यूनतम तीन से पाँच प्रतिशत के कोष प्राप्त करने हेतु प्रतिवर्ष न्यूनतम 0.50 प्रतिशत का योगदान करे।

दिशानिर्देशों के अनुसार, पाँच महीनों (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) हेतु जीआरएफ में योगदान की अपेक्षित राशि का आंकलन नहीं किया जा सका क्योंकि बकाया प्रत्याभूतियों को अभी तक दो नये संघ शासित क्षेत्र अर्थात् संघ शासित क्षेत्र

जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख (दिसंबर 2020) के मध्य प्रभाजित किया जाना है। तथापि, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर ने निधि के प्रति ₹ एक करोड़ का अंशदान किया। संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा वर्ष 2019-20 (31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020) के दौरान किसी भी राशि को प्रत्याभूति कमीशन/ शुल्क के रूप में प्राप्त नहीं किया गया था। 30 अक्टूबर 2019 तक निधि में ₹ 20.42 करोड़ का अंत शेष था जिसे प्रभाजित किया जाना था जैसा कि विवरण 21 एवं 22 में दर्शाया गया है।

लेखा के मुख्य एवं लघु शीर्षों की सूची के अनुसार, सरकार को प्रत्याभूति मोचन निधि (जीआरएफ) को अंशदान अंतरित करने के लिए मुख्य शीर्ष 2075- 'विविध सामान्य सेवाएं' के अंतर्गत परिचालित लघु शीर्ष-800 के बजाय व्यय शीर्ष (राजस्व लेखा) अनुभाग में कार्यात्मक मुख्य/ उप-मुख्य शीर्षों के अंतर्गत जहाँ कहीं आवश्यक हो, लघु शीर्ष 797-'आरक्षित निधियों/ जमा लेखा को परिचालित किए जाने की आवश्यकता थी।

(ii) समेकित ऋण शोधन निधि (सीएसएफ)

बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुसार, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य ने अपनी बकाया देयताओं को चुकाने हेतु 30 जनवरी 2012 को एक समेकित ऋणशोधन निधि का गठन किया। दिशानिर्देशों के अनुसार, सरकार को वर्ष 2010-11 की समाप्ति पर प्रतिवर्ष कुल बकाया देयताओं के 0.50 प्रतिशत के न्यूनतम 10 प्रतिशत का अंशदान इस निधि में करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, इसके बाद वाले वर्ष से वार्धिक देयताओं के संबंध में अंशदान ऐसी वार्धिक देयताओं के 0.50 प्रतिशत पर किया जाएगा।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान, संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा ₹ 27.50 करोड़ अर्थात् 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु कुल ₹ 5,500.35 करोड़ की वार्धिक देयताओं का 0.50 प्रतिशत, के अपेक्षित अंशदान के प्रति किसी राशि का अंशदान नहीं किया गया था, परिणामस्वरूप निधि को ₹ 27.50 करोड़ का कम अंशदान हुआ। 30 अक्टूबर 2019 की समाप्ति पर निधि को तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य द्वारा इस निधि के आरंभ से ₹ 355.87 करोड़ के अंशदान को आनुक्रमिक संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

(ग) ब्याज वहन नहीं करने वाली आरक्षित निधियाँ (अपरिचालित निधियाँ)

तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य (30 अक्टूबर 2019 पुनर्गठन से पूर्व) से संबंधित पाँच ब्याज वहन न करने वाली आरक्षित निधियाँ थी, इन पाँच अपरिचालित निधियों में 30 अक्टूबर 2019 के अंत में संचित शेष ₹ 695.84 करोड़ था, जिसे संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित नहीं किया गया है।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान परिचालित आरक्षित निधियों में धन के अंतरण हेतु किया गया बुक समायोजन **अनुलग्नक-क** में दर्शाया गया है। चिह्नित शेषों से सरकार द्वारा किये गये निवेश और आरक्षित निधियाँ क्रमशः विवरण 21 एवं 22 में वर्णित हैं।

vii केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ)

केन्द्रीय सड़क निधि (सीआरएफ) को संसद के एक अधिनियम द्वारा अंतर्राज्यीय और आर्थिक महत्त्व रखने वाली सड़कों तथा रेलवे के ऊपर या नीचे पुल के माध्यम से सड़कों के निर्माण सहित राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों तथा राज्य सड़कों के विकास एवं अनुरक्षण तथा मानवरहित रेल-सड़क समपारों पर सुरक्षा निर्माण कार्यों के उत्थान हेतु नवंबर 2000 में स्थापित किया गया था। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान संघ शासित क्षेत्र सरकार को केन्द्र सरकार से इस निधि हेतु ₹ 49.48 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ था और निर्माण कार्यों पर ₹ 24.18 करोड़ का व्यय हुआ जैसा कि सीआरएफ अधिनियम में विनिर्दिष्ट है। 31 मार्च 2020 तक इस निधि में ₹ 25.30 करोड़ का अप्रयुक्त शेष है। 30 अक्टूबर 2019 को निधि के अंतर्गत ₹ 573.33 करोड़ थे जिन्हें अभी तक दो नये आनुक्रमित संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख के मध्य प्रभाजित किया जाना है।

viii ब्याज समायोजन

सरकार 'झ- लघु बचतें तथा भविष्य निधि' इत्यादि, 'ञ- आरक्षित निधियाँ (क) ब्याज वहन करने वाली आरक्षित निधियाँ' और 'ट- जमाएं तथा अग्रिम (क) ब्याज वहन करने वाले जमा' श्रेणियों के अंतर्गत शेषों के संबंध में ब्याज के भुगतान हेतु उत्तरदायी है। संघ शासित क्षेत्र सरकार ने 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान मुख्य शीर्ष '2049- ब्याज भुगतान- 03-लघु बचतें, भविष्य निधि इत्यादि पर ब्याज' को नामे करके लघु बचतें, भविष्य निधि इत्यादि पर ब्याज के रूप में ₹ 818.43 करोड़ का भुगतान किया था।

31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु संघ शासित क्षेत्र सरकार कर्मचारियों के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खातों में जमा किये गये ब्याज को संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा अनंतिम आधार पर सूचित किया था जो अपने कर्मचारियों के सा.भ. निधि खातों के अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी है।

ix उचंत और प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत शेष

वित्त लेखे का विवरण सं. 21 उचंत तथा प्रेषण शीर्षों (लोक लेखा) के अंतर्गत निवल शेष को दर्शाता है। इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष को विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत

अलग-अलग बकाया डेबिट और क्रेडिट शेषों के कुल योग द्वारा संगणित किया जाता है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु मुख्य उचंत ओर प्रेषण शीर्षों में से कुछ के अंतर्गत सकल आँकड़ों की स्थिति **अनुलग्नक-छ** में दी गयी है।

x आकस्मिकता निधि

तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य के दो संघ शासित क्षेत्रों अर्थात् संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर और संघ शासित क्षेत्र लद्दाख में पुनर्गठन के फलस्वरूप, संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के लिए एक नयी आकस्मिकता निधि का सृजन किया जाना अपेक्षित था जिसे 31 मार्च 2020 तक सृजित नहीं किया गया है। तथापि, तत्कालीन जम्मू एवं कश्मीर राज्य की निधि में ₹ एक करोड़ का शेष था जिसे दोनों संघ शासित क्षेत्रों के मध्य अभी तक प्रभाजित किया जाना है।

xi संघ शासित क्षेत्र में कार्यान्वयन एजेन्सियों को केन्द्रीय योजना निधियों का प्रत्यक्ष हस्तांतरण (संघ शासित क्षेत्र बजट के अलावा दी गयी निधियाँ)

भारत सरकार के निर्णयानुसार, केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) हेतु सभी सहायता को संघ शासित क्षेत्र सरकार को समेकित निधि के माध्यम से हस्तांतरित किया जाना अपेक्षित है न कि सीधे ही कार्यान्वयन एजेन्सियों को। तथापि, महालेखा नियंत्रक (सीजीए) के लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) पोर्टल के अनुसार, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों ने संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर सरकार के विभिन्न विभागों को सीधे ही ₹ 335.54 करोड़ की राशि निर्गत की।

उपर्युक्त के अलावा, विभिन्न स्वायत्त निकायों, केन्द्र सरकार के संगठनों, सोसाइटियों इत्यादि ने सीधे ही केन्द्र सरकार से ₹ 460.48 करोड़ प्राप्त किये। खण्ड-II के **परिशिष्ट-VI** में इसका विवरण है।

xii पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय

राष्ट्रीय पर्यावरण नीति 2006 का उद्देश्य सभी विकासात्मक गतिविधियों में पर्यावरण संबंधी चिंता को मुख्यधारा में लाना है। "पर्यावरण", अपशिष्ट प्रबंधन, “प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण”, “पर्यावरण अनुसंधान और शिक्षा” तथा "पर्यावरण संरक्षण" इत्यादि संबंधी बजट और व्यय के आँकड़े संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा प्रस्तुत वाउचरों/ बजट दस्तावेजों इत्यादि के आधार पर संकलित किये जाते हैं।

संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा पर्यावरण के प्रति किये गये व्यय लेखा के विभिन्न कार्यात्मक शीर्ष के अंतर्गत लघु शीर्ष स्तर तक वित्त लेखे में दर्शाये गये हैं। सामान्यतः

पर्यावरण संरक्षण संबंधी व्यय मुख्य शीर्ष-3435-"पारिस्थितिकी और पर्यावरण" के अंतर्गत बुक किया जाता है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू और कश्मीर सरकार ने मुख्य शीर्ष 3435-"पारिस्थितिकी और पर्यावरण" के अंतर्गत ₹ 23.78 करोड़ के बजट आबंटन के प्रति ₹ 16.85 करोड़ का व्यय किया। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 के दौरान व्यय, राजस्व व्यय का 0.07 प्रतिशत था। संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर के मुख्य शीर्ष 3435-"पारिस्थितिकी और पर्यावरण" के अंतर्गत 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु वस्तु शीर्ष स्तर तक बजट आबंटन की तुलना में व्यय को **अनुलग्नक-ज** में दर्शाया गया है।

xiii मुख्य नीतिगत निर्णय- सूचना का प्रकटीकरण

बार-बार अनुरोध करने के बावजूद भी, संघ शासित क्षेत्र सरकार ने संघ शासित क्षेत्र के वित्त लेखे खण्ड-II के **परिशिष्ट-XI** में प्रकटीकरण हेतु अपेक्षित सूचना को प्रासांगिक प्रारूप में प्रस्तुत नहीं किया था।

xiv श्रम उपकर

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर में, श्रम उपकर के कारण कटौती की गयी राशि सचिव, जेएण्डके भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के नाम पर आधिकारिक बैंक खाते में रखी जाती है तथा सरकारी लेखे से बाहर रहती है। 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के दौरान निधि का विवरण अर्थात् प्राप्त राशि, खर्च की गयी राशि, वसूली गयी पर निधि में जमा नहीं की गयी राशि, संघ शासित क्षेत्र सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया। तथापि, यह सूचित किया गया था कि 31 मार्च 2020 को निधि में ₹ 635.64 करोड़ का शेष था।

xv जम्मू एवं कश्मीर राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबंधन (एफआरबीएम)/ मध्यावधि राजकोषीय नीति (एमटीएफपी) अधिनियम, 2006 और भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीमाएं

संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर द्वारा संसद में मार्च 2020 में एफआरबीएम अधिनियम के तहत रखे गये वक्तव्यों के अनुसार, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि हेतु कोई राजकोषीय संकेतक-रोलिंग लक्ष्य निर्धारित नहीं किये गये थे। तथापि, 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 तक की अवधि के

दौरान संघ शासित क्षेत्र जम्मू एवं कश्मीर को ₹ 162.09 करोड़ का राजस्व घाटा और ₹ 5,620.09 करोड़ का राजकोषीय घाटा हुआ था।

xvi राजस्व/ राजकोषीय घाटे पर प्रभाव

पूर्ववर्ती पैराग्राफों में दिये गये विवरण के अनुसार, संघ शासित क्षेत्र सरकार के राजस्व तथा राजकोषीय घाटे पर प्रभाव का विवरण निम्नलिखित है:

(₹ करोड़ में)

पैरा संख्या	**मद**	**राजस्व घाटे पर प्रभाव (क)**		**राजकोषीय घाटे पर प्रभाव (ख)**	
		कम आंकलन	**अधिक आंकलन**	**कम आंकलन**	**अधिक आंकलन**
1(v)क	पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत सहायता अनुदान	32.02	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं
1(v)ख	पूँजीगत व्यय के रूप में वर्गीकृत खाद्यानों की परिचालन लागत और परिवहन/ सँभलाई प्रभार	151.43	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं
1(v)ग	पूँजीगत व्यय के अंतर्गत बुक किया गया वजीफा एवं छात्रवृत्ति	0.17	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं
1(v)घ	पूँजीगत व्यय के अंतर्गत बुक की गयी सहायिकी	87.69	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं	कोई प्रभाव नहीं
1(i)ख	परिभाषित अंशदान पेन्शन योजना में कम अंशदान	9.76	कोई प्रभाव नहीं	9.76	कोई प्रभाव नहीं
कुल निवल प्रभाव		**281.07 कम आंकलन**		**9.76 कम आंकलन**	

(क) *राजस्व घाटा ₹ 162.09 करोड़, ₹ 281.07 करोड़ तक कम आंकलन किया गया था।*

(ख) *राजकोषीय घाटा ₹ 5,620.09 करोड़, ₹ 9.76 करोड़ तक कम आंकलन किया गया था।*

अनुलग्नक- क

आवधिक बही समायोजन

(संदर्भ: पैराग्राफ 1(ii) एवं 3 (vi) (ग); पृष्ठ 57 व 70-71)

बही समायोजन	लेखा शीर्ष		राशि	अभ्युक्तियाँ
	से	तक	(₹ करोड़ में)	
सा. भ. निधि पर ब्याज	2049-03-104	8009-101	791.21	यूटी सरकार कर्मचारियों की सा. भ. निधि पर वार्षिक ब्याज तथा यूटी सरकार कर्मचारियों (अनंतिम आधार पर) की राज्य जीवन बीमा निधि पर ब्याज और 31 अक्टूबर 2019 से 31 मार्च 2020 की अवधि हेतु एसडीआरएफ के अंतर्गत शेष पर ब्याज।
राज्य बीमा निधि पर ब्याज	2049-03-108	8011-105	27.22	
एसडीआरएफ पर ब्याज	2049-05-105 (डेबिट)	8121-122 (क्रेडिट)	25.91	
राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि (एसडीआरएफ)	2245-05-901 (डेबिट कटौती)	8221-122 (डेबिट)	80.82	एमएच-2245 को नामे कटौती द्वारा एमएच-8121 को नामे जमा एसडीआरएफ से प्राप्त करके की गयी आनुग्रहिक राहत निधि पर व्यय। राशि एमएच-2245 को नामे करके सहायता अनुदान एसडीआरएफ को अंतरित।
	2245-05-101 (डेबिट)	8121-122 (क्रेडिट)	108.50	
केन्द्रीय सड़क निधि	3054-80-797 (डेबिट)	8449-103 (क्रेडिट)	49.48	सड़कों के विकास हेतु भारत सरकार से सीआरएफ सहायता अनुदान।
केन्द्रीय सड़क निधि	5054-80-902 (डेबिट कटौती)	8449-103 (डेबिट)	24.18	सीआरएफ से प्राप्त व्यय आरंभिक रूप से मुख्य शीर्ष-5054 के अंतर्गत बुक किया गया।
प्रत्याभूति मोचन निधि	2075-800 (डेबिट)	8235-117 (क्रेडिट)	1.00	एमएच-2075-800 के अंतर्गत यूटी की समेकित निधि को नामे द्वारा प्रत्याभूति मोचन निधि में अंतरित राशि।

अनुलग्नक- ख

राजस्व के बजाय पूँजीगत के अंतर्गत बुक किये गये व्यय को दर्शाता विवरण

(संदर्भः पैराग्राफ 1 (v) क, ख, ग, घ; पृष्ठ 59)

क्र. सं.	वर्गीकरण	सरकार द्वारा प्रदत्त सहायता-अनुदान	सहायिकी	वजीफा एवं छात्रवृत्ति	वेतन	पीडीएस के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की अधिप्राप्ति/ बिक्री की परिचालन लागत
		(₹ करोड़ में)				
1.	4210- चिकित्सा और जन स्वास्थ्य पर पूँजीगत परिव्यय	31.63	-	-	-	-
2.	4225- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग एवं अल्पसंख्यकों के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	0.39	-	-	-	-
3.	4235- सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	-	-	-	-	35.80
4.	4250- समाज सेवाओं पर पूँजीगत परिव्यय	-	-	0.17	-	-
5.	4401- फसल पैदावर पर पूँजीगत परिव्यय	-	74.03	-	-	-
6.	4408- खाद्य, भण्डार और भण्डारण पर पूँजीगत परिव्यय	-	-	-	-	115.63
7.	4851- ग्राम और लघु उद्योगों पर पूँजीगत परिव्यय	-	13.66	-	-	-
	कुल	**32.02**	**87.69**	**0.17**	**-**	**151.43**

अनुलग्नक- ग

लघु शीर्ष- 800 अन्य प्राप्तियों का संचालन

